**NEWS CLIPPING:05.07.2022**

# THE TRIBUNE

## ADMISSION BEGINS AT JC BOSE VARSITY

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, has launched its admission portal to facilitate students during the admission process. The University has invited online application forms for various diploma, undergraduate and postgraduate courses through the portal. The last date for submission of online application forms is August 16.

**NEWS CLIPPING:05.07.2022**

# HINDUSTAN

# वाईएमसीए में दाखिले के लिए आवेदन करें छात्र

**सुविधा**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से सोमवार से दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही दाखिला प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए दाखिला पोर्टल भी लांच किया गया है। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने पोर्टल का शुभारंभ किया।

विश्वविद्यालय की ओर से डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) व स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले पोर्टल के माध्यम से ही होंगे। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन को अंतिम तिथि 16 अगस्त रहेगी। कुलपति ने कहा कि नए पोर्टल से विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया आसान बनेगी। डॉ. मनीषा गर्ग ने कहा कि इस साल विश्वविद्यालय ने सर्टिफिकेट से लेकर डिग्री स्तर पर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के नये पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें गणित एवं कंप्यूटिंग में बीएससी, एंटी ड्रोन और ओटोनोमस टेक्नोलॉजी में पीजी डिप्लोमा, सांप्रदायिक सद्भाव एवं सामाजिक न्याय दर्शन में पीजी डिप्लोमा और एप्लाइड मैकेनिक्स और प्रोडक्ट डिजाइन में सर्टिफिकेट कोर्स शामिल हैं। पूछताछ के लिए दाखिला हेल्पलाइन नंबर 8826350209 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

**NEWS CLIPPING:05.07.2022**

# AMAR UJALA

# जेसी बोस विवि में दाखिले के लिए 16 अगस्त तक करें आवेदन

## कुलपति ने लांच किया पोर्टल, चार नए पाठ्यक्रम भी शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन पोर्टल शुरू हो गया है। विद्यार्थी विभिन्न डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 16 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

आगामी शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 60 पाठ्यक्रमों में दाखिले का मौका मिलेगा। इसमें कम्युनिटी कॉलेज में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स के अलावा अन्य कोर्स शामिल हैं। दाखिला निदेशक डॉ. मनीषा गर्ग ने बताया कि सभी बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसाइटी (एचएसटीईएस) द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से होगा। फिलहाल विज्ञान, प्रबंधन और कला से संबंधित सभी संकायों में दाखिले होंगे।

विश्वविद्यालय ने सर्टिफिकेट और डिग्री स्तर पर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इसमें गणित एवं कंप्यूटिंग में बीएससी, एंटी ड्रोन में पीजी डिप्लोमा, सांप्रदायिक सद्भाव एवं सामाजिक न्याय दर्शन में पीजी डिप्लोमा और एप्लाइड मैकेनिक्स और प्रोडक्ट डिजाइन में सर्टिफिकेट कोर्स शामिल हैं। यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश अंतिम योग्यता परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। जबकि पीजी स्तर पर विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। ब्यूरो

### फॉर्म भरने के बाद नहीं हो सकेगा बदलाव

एक बार फॉर्म भरने के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं हो सकेगा। विश्वविद्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देशों में यह जानकारी उपलब्ध कराई गई है। दाखिला आवेदन फॉर्म जमा करने के बाद दोबारा बदलाव का विकल्प नहीं होगा। छात्रों को दाखिला आवेदन करते समय सभी जानकारी स्पष्ट करनी होगी। इसमें ई-मेल आईडी के साथ ही मोबाइल नंबर भी होना अनिवार्य है। स्नातक (यूजी) कोर्स के दाखिले 12वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर होंगे। इसके लिए मेरिट के आधार पर दाखिले होंगे।

### दाखिले के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

विश्वविद्यालय ने प्रवेश से संबंधित पूछताछ के लिए दाखिला हेल्पलाइन नंबर 8826350209 जारी किया है। इसके साथ ही ई-मेल admissionhelp@jcboseust.ac.in पर भी आवेदन किए जा सकते हैं। विवि की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर अधिक जानकारी हासिल की जा सकती है।

विवि में दाखिले के लिए चार नए कोर्स शुरू किए गए हैं। विश्वविद्यालय के विजन और आगामी दिनों की रूपरेखा उजागर करते हुए युवाओं से दाखिला आवेदन मांगे गए हैं। किसी भी संशय में हेल्पलाइन या परिसर में संपर्क किया जा सकता है। **– प्रो. एसके तोमर, कुलपति, जेसी बोस विवि**

**NEWS CLIPPING:05.07.2022**

# DAINIK BHASKAR

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू की

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 4 जुलाई से शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए सोमवार को एडमिशन पोर्टल लॉन्च किया। विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त है। दाखिला पोर्टल का शुभारंभ कुलपति प्रो. एसके तोमर ने किया। कुलपति ने कहा कि नया पोर्टल दाखिला प्रक्रिया को आसान बनाएगा।